Mob: 7060002410

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

पो0– गुरूकुल कांगड़ी, हरिद्वार–249404

email-soexamtwo2@gmail.com

संख्या : 382 /06/E-2 /RO(DR)/2013-14 दिनांकः 02/जनवरी/2017 ~~दिसम्बर, 2016~~

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा **उत्तराखण्ड सचिवालय/उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–2016** के माध्यम से समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी के रिक्त पदों पर चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/विज्ञापन/ई–2/2016–17 दिनांक 05.04.2016 के सापेक्ष दिनांक 26 जून, 2016 को आयोजित प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम विज्ञप्ति संख्याः –183/65/गोपन/आर0ओ0–ए0आर0ओ0 /2016–17, दिनांक 25 अक्टूबर, 2016 द्वारा घोषित किया गया है।

2– प्रारम्भिक परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थियों से मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। ऑनलाईन आवेदन पत्र में अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा का केन्द्र (Examination Centre) व पदों की वरीयता (Preference) भरनी है तथा निर्धारित प्रक्रियानुसार मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा करना है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट www.ukpsc.gov.in पर दिये गये लिंक का प्रयोग करते हुए मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरकर एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरान्त आवेदन पत्र में अंकित दावों के समर्थन में **निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति ऑनलाईन आवेदनपत्र के प्रिंटआउट के साथ दिनांक 10.02.2017 (शुक्रवार) की सायं 06:00 बजे तक** सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार के कार्यालय में डाक द्वारा अथवा अन्य किसी भी माध्यम से जमा कराना सुनिश्चित करें :–

(I) हाईस्कूल प्रमाण–पत्र एवं अंक–तालिका।

(II) इण्टरमीडिएट प्रमाण–पत्र एवं अंक–तालिका।

(III) स्नातक उपाधि एवं अंक–तालिका (समस्त वर्षों/सेमेस्टर की)।

(IV) अन्य अनिवार्य अर्हताओं सम्बन्धी प्रमाण–पत्र।

(V) अधिमानी अर्हताओं (Preferential Qualifications) सम्बन्धी प्रमाण–पत्र।

(VI) अनुभव, जिसका दावा किया हो, सम्बन्धी प्रमाण–पत्र (आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप पर)।

(VII) आरक्षण एवं स्थायी निवास सम्बन्धी प्रमाण–पत्र* (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम् निर्धारित प्रारूप पर)।

(VIII) उत्तराखण्ड राज्य में स्थित किसी सेवायोजन कार्यालय में पंजीयन का प्रमाणपत्र* अथवा उत्तराखण्ड राज्य के किसी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में पंजीयन का प्रमाणपत्र।

(IX) यदि अभ्यर्थी राज्याधीन सेवा में सेवारत् है, तो सेवा नियोजक द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण–पत्र।

(X) यदि अभ्यर्थी के नाम/पिता के नाम में विभिन्न प्रमाणपत्रों में साम्य न हो तो उक्त के संबंध में शपथ पत्र।

3– ऑनलाईन आवेदन पत्र के विभिन्न चरणों से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् हैं :–

ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि	23.01.2017 (सोमवार) (रात्रि 11:59 बजे तक)
e-challan का प्रिन्टआउट प्राप्त करने की अन्तिम तिथि	27.01.2017 (शुक्रवार) (सांय 4:59 बजे तक)
परीक्षा शुल्क e-challan द्वारा जमा करने की अन्तिम तिथि	02.02.2017 (बृहस्पतिवार) बैंक समयावधि तक।
परीक्षा शुल्क Net Banking/ Debit Card द्वारा जमा करने की अन्तिम तिथि	02.02.2017 (बृहस्पतिवार) (रात्रि 11:59 बजे तक)
आवेदन पत्र का प्रिन्टआउट समस्त संलग्नों सहित आयोग कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि	10.02.2017 (शुक्रवार) (सांय 5:59 बजे तक)

4– सभी अभ्यर्थी अपनी श्रेणी के अनुसार तथा अन्य उपश्रेणी के अभ्यर्थी अपने मूल श्रेणी के सापेक्ष निम्नानुसार शुल्क जमा करेंगे :–

क्र0सं0	श्रेणी	शुल्क
01	अनारक्षित एवं उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ0बी0सी0)	रू0 200/– मात्र
02	उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति (एस0सी0) एवं उत्तराखण्ड अनुसूचित जनजाति (एस0टी0)	रू0 80/– मात्र
03	उत्तराखण्ड विकलांग/उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक	रू0 80/– मात्र

5– अभ्यर्थी द्वारा एक बार ऑनलाईन आवेदन पत्र "Submit" कर देने के पश्चात, परीक्षा केन्द्र (Examination Centre) या पदों की वरीयता क्रम (Preference) में परिवर्तन अनुमन्य/स्वीकार्य नहीं होगा। अभ्यर्थियों को अपनी श्रेणी/उपश्रेणी के सापेक्ष परीक्षा शुल्क जमा करना अनिवार्य है। शुल्क जमा न करने वाले अभ्यर्थियों को अनर्ह घोषित कर दिया जायेगा।

6– **अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र का प्रिंटआउट,** आवेदन पत्र में अंकित दावों के समर्थन में **समस्त संलग्नकों सहित दिनांक 10.02.2017 (शुक्रवार) की सायं 06:00 बजे तक** सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार के कार्यालय में डाक द्वारा अथवा अन्य किसी भी माध्यम से जमा कराना सुनिश्चित करेंगें। जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदनपत्र का प्रिंटआउट (संलग्नकों सहित) **दिनांक 10.02.2017 (शुक्रवार) की सायं 06:00 बजे तक** आयोग कार्यालय में जमा नहीं किया जायेगा, उन्हें आयोग द्वारा प्रश्नगत पद हेतु अनर्ह घोषित कर दिया जायेगा तथा इस सम्बन्ध में कोई भी अनुरोध स्वीकार्य नहीं होगा।

(*अन्य पिछडा वर्ग से संबंधित जाति प्रमाण पत्र तथा सेवायोजन कार्यालय पंजीकरण प्रमाण पत्र, मूल विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन पत्र जमा किए जाने की अंतिम तिथि 26.04.2016 तक जारी/वैध होना चाहिए। यदि उक्त तिथि के पश्चात प्रमाण पत्र को नवीनीकृत कराया गया है, तो पूर्ववर्ती तथा नवीनीकृत, दोनों प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है। यदि पूर्ववर्ती प्रमाण पत्र की प्रति अभ्यर्थी के पास उपलब्ध न हो, तो जारीकर्ता कार्यालय से इस सम्बन्ध में सक्षम स्तर से, सम्यक् रूप से जारी प्रमाण पत्र अपेक्षित होगा।)

21/1/17

(गिरधारी सिंह रावत)
संयुक्त सचिव।